विचारार्थ विषय

परियोजना एसोसिएट

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से ऊपर उल्लिखित पद को केवल संविदा आधार पर भरने हेतु योग्य उम्मीदवारों से जीवनवृत्त सहित आवेदन पत्र आमंत्रित कर रहा है।

भूमिकाएं एवं जिम्मेदारियां:

परियोजना एसोसिएट निम्नलिखित कार्यों के लिए उत्तरदायी होगा:

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) और आरएमएनसीएच+ए परियोजना क्रियाकलापों के लिए कार्यक्रम प्रभागों के साथ समन्वय स्थापित करना।
- कार्रवाई और अनुवर्ती कार्रवाई की अपेक्षा रखने वाले मुद्दों की निगरानी करना और उनका पता लगाना।
- बड़े पैमाने पर आयोजित कार्यशालाओं और सम्मेलनों के लॉजिस्टिक प्रबंधन सहित यात्रा, बैठकों और कार्यक्रमों की व्यवस्था करना और समन्वय स्थापित करना।
- वैज्ञानिक कागजातों को वर्गीकृत करने और छाटने सहित दस्तावेजों तथा संदर्भ सामग्रियों को संगठित और व्यवस्थित करना।
- जानकारी के आदान-प्रदान और दस्तावेज तैयार करने में सहायता करना।
- वैज्ञानिक कागजातों और प्रस्तुतियों की रूपरेखा तैयार करना, सम्पादित और संशोधित करना।
- राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के कार्यक्रम अधिकारियों/प्रभागों तथा केंद्र और राज्य सरकार के अन्य प्रचालन स्तरीय अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करने हेतु सम्पर्क बनाए रखना।
- सौंपे गए कोई अन्य कार्य।

पात्रता:

- किसी प्रतिष्ठित और मान्यताप्राप्त संस्थान से सामाजिक कार्य/स्वास्थ्य प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिग्री/एमबीए।
- आरसीएच संबंधी कार्यक्रमों के समन्वय में 3-5 वर्ष का अनुभव, जिसमें राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर सरकारी सेवा में दो वर्ष का अनुभव होना चाहिए। जन-स्वास्थ्य प्रणाली, मुख्य पणधारियों और संगत सरकारी नीतिओं/कार्यनीतियों विशेष रूप से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य के विषय में अच्छी जानकारी।
- अंग्रेजी लिखने एवं बोलने का अच्छा ज्ञान और हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान अनिवार्य है। एमएस ऑफिस और अन्य एप्लीकेशनों में कंप्यूटर का ज्ञान।
- सरकारी क्षेत्र की कार्यशैली के अनुसार कार्य करने का अनुभव अतिरिक्त योग्ता मानी जाएगी।
- अंग्रेजी लिखने और बोलने का ज्ञान और हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान अपेक्षित है।
- राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन/आरसीएच में कार्य कर चुके उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।
- यदि उच्च कोटि की प्रकाशित कृतियां हैं अथवा विशेष संदर्भ का कार्य अनुभव है तो औपचारिक शैक्षणिक अर्हताओं और अनुभव में शिथिलता दी जा सकती है।

आयु-सीमा: अधिकतम आयु 45 वर्ष आवेदन की अंतिम तिथि तक तथा गहन फील्ड दौरे करने के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ होना अपेक्षित है।

पारिश्रमिक सीमा: रु. 55,000/- से 70,000/- के बीच प्रतिमाह।

स्थान: नई दिल्ली

आवेदन कैसे करें:

कैंडिडेट्स को अनुरोध किया जाता हैं के वह निर्धारित आबेदन पत्र को डाउनलोड करे और विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र के ई-मेल rch.recruitment@nhsrcindia.org में दिनांक **09-Nov-2016** को अपराह्न्न **4** बजे तक **अवश्य भेज दे**। केवल निर्धारित **संलग्न आवेदन पत्र** में ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।